Published Date:	25 Aug 2018	Publication:	Apni Duniya (Hindi)
Edition:	Indore	Page No:	3
MAV/CCM:	6224/15.56	Circulation:	14000

दिव्यांश और शुभम ने टीसीएस विज़ इंदौर संस्करण जीता

इंदौर । प्रमुख आइटी सेवा, परामर्श तथा व्यायवसायिक समाधानों की कंपनी टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज (टीसीएस) ने भारत के सबसे बड़े इंटर-स्कूल क्विज, टीसीएस आइटी विज़ का आयोजन किया। शुक्रवार, 24 अगस्त को यूनिर्सिटी ऑडिटोरियम, आइआइपीएस के निकट, डीएवीवी विश्वविद्यालय परिसर, खंडवा रोड, इंदौर में आयोजित इस क्विज में इंदौर के लगभग 1000 स्कूली स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस साल इंदौर संस्करण में शहर के बाहर भोपाल, देवास, सीहोर और उज्जैन की टीमों ने भी भाग लिया। क्षेत्रीय फाइनल में पाँच राउंड की क्विज के बाद सागर पब्लिक स्कूल भोपाल के दिव्यांश कुलशेष्ठ और शुभम शुक्ला ने चैम्पियन का खिताब जीता। विजेता टीम को 60,000 रुपये के गिफ्ट वाउचर दिए गए। वहीं रनर अप के लिए सेंट पॉल स्कूल इंदौर के संजय सिंह राजपूत एवं कार्तिक तिवारी को 40,000 रुपये क गिफ्ट वाउचर दिए गए। दोनों टीम को विशेष रूप से तैयार ट्रॉफी और मेडल भी प्रदान किए गए। टीसीएस के वाइस प्रेसिडेंट और वितरण केन्द्र प्रबंधन एवं साझा सेवाओं के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख, आलोक कुमार ने अमिताभ तिवारी, वितरण केन्द्र प्रमुख, टीसीएस, इंदौर के साथ मिलकर पुरस्कार प्रदान किया। फ़इस क्विज का आयोजन का उद्देष्य प्रौद्योगिकी कुशलता की ताकत के बढ़ते महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना था। कठिन मुकाबले वाली यह वार्षिक ज्ञानवर्द्धक पहल कक्षा 8 से 12 में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के लिए थी। इसमें हरेक स्कूल से दो-दो सदस्यों की एक से ज्यादा टीमें भाग ले सकती थीं और कोई प्रवेश शुल्क नहीं था।